भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3258**

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

**ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण**

3258. डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में निर्मित किए जा रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) राजस्थान में प्रस्तावित या निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की संख्या कितनी है और उन जिलों के नाम, उनकी कुल लंबाई और उन पर जिला-वार किया गया कुल निवेश कितना है;

(ग) भारतमाला परियोजना के अंतर्गत देश में राज्य-वार निर्मित या उन्नयन किए गए राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई और विशेषकर राजस्थान में जिला-वार कितना निवेश किया गया है;

(घ) आर्थिक विकास, खनन, उद्योग और संपर्क के संदर्भ में दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई और अमृतसर-जामनगर ग्रीन कॉरिडोर एक्सप्रेसवे की उपयोगिता के संबंध में किए गए मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार के पास गांवों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने वाली फीडर सड़कों पर सुरक्षित और सुविधाजनक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) देश में 10,196 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 35 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे/पहुंच-नियंत्रित कॉरिडोर पूरे हो चुके हैं/निर्माणाधीन हैं। इनका विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) राजस्थान राज्य में 40,520 करोड़ रुपये की लागत से 1,190 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 4 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे/पहुंच-नियंत्रित कॉरिडोर कार्यान्वित किए जा रहे हैं। इनका विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) भारतमाला परियोजना के चरण-I को सरकार द्वारा वर्ष 2017 में देश भर में 34,800 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने के लिए 5,35,000 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई थी। इस कार्यक्रम के तहत, कुल 26,425 किलोमीटर की परियोजनाओं को आवंटित किया गया था और इसमें से फरवरी 2026 तक 22,223 किलोमीटर का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। इसका राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। राजस्थान राज्य के संबंध में जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है।

(घ) दिल्ली-वडोदरा-मुंबई और अमृतसर-जामनगर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के विकास से कई क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 93 राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) केंद्रों (नोड्स), 8 मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी), 12 बंदरगाहों और 8 हवाई अड्डों तक पहुंच-नियंत्रित संपर्कता प्रदान करेगा। इससे 2 आकांक्षी और 8 जनजातीय जिलों सहित कॉरिडोर संरेखण के साथ पिछड़े क्षेत्रों को आर्थिक बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है।

अमृतसर-जामनगर कॉरिडोर भू-बद्ध क्षेत्रों (हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश) को गुजरात के प्रमुख समुद्री बंदरगाहों से जोड़ने वाली एक अभिन्न मार्ग के रूप में कार्य करेगा। इससे 2 एनएमपी केंद्र (बीकानेर और जोधपुर) और 3 पर्यटन केंद्र (बीकानेर, जोधपुर और बाड़मेर) सहित आर्थिक केंद्रों को एकीकृत संपर्कता प्रदान करने की उम्मीद है। इसके अलावा, इसमें ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के लिए एक समर्पित जनोपयोगी कॉरिडोर भी होगा, जो दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च गति की संपर्कता प्रदान करके 5जी और 6जी रोलआउट के लिए आधार के रूप में काम करेगा।

(ङ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है, जबकि ग्रामीण संपर्कता के फीडर मार्ग और सड़कें स्थानीय प्राधिकरणों और संबंधित राज्य सरकार के कार्य-क्षेत्र में आती हैं।

राजमार्ग अवसंरचना का विकास एक सतत प्रक्रिया है। राज्य सड़कों के विकास के लिए, केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो लागू दिशानिर्देशों के अनुसार उपार्जन के अध्यधीन है।

**अनुलग्नक-I**

**"ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण" के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3258 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे / पहुंच-नियंत्रित गलियारों का विवरण:

| क्र. सं. | गलियारे का नाम | लंबाई | स्थिति | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदाबाद - धोलेरा एक्सप्रेस | 109 | पूर्ण | गुजरात |
| 2 | अहमदाबाद - वडोदरा | 93 | पूर्ण | गुजरात |
| 3 | दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे | 97 | पूर्ण | दिल्ली, उत्तर प्रदेश |
| 4 | ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे | 136 | पूर्ण | हरियाणा, उत्तर प्रदेश |
| 5 | कोटा इंदौर (गरोठ से उज्जैन) | 136 | पूर्ण | मध्य प्रदेश |
| 6 | यूईआर II | 75 | पूर्ण | दिल्ली, हरियाणा |
| 7 | द्वारका एक्सप्रेसवे | 29 | पूर्ण | दिल्ली, हरियाणा |
| 8 | अंबाला - कोटपुतली | 336 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | हरियाणा |
| 9 | बेंगलुरु - चेन्नई एक्सप्रेस | 262 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु |
| 10 | सोलापुर - कुरनूल - चेन्नई | 290 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक |
| 11 | बेंगलुरु - मैसूरु | 119 | पूर्ण | कर्नाटक |
| 12 | दिल्ली - सहारनपुर - देहरादून | 264 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड |
| 13 | इंदौर - हैदराबाद | 527 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना |
| 14 | चंडीगढ़ - अंबाला - शामली | 184 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश |

| क्र. सं. | गलियारे का नाम | लंबाई | स्थिति | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 15 | चितूर थचुर | 116 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | आंध्र प्रदेश |
| 16 | अमृतसर - भटिंडा - जामनगर | 1070 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | गुजरात, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान |
| 17 | हैदराबाद विशाखापत्तनम | 222 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना |
| 18 | रायपुर - विशाखापत्तनम | 465 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा |
| 19 | दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे | 1445 | आंशिक रूप से पूर्ण, अपूर्ण भाग पर कार्य चल रहा है | गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली |
| 20 | रायपुर रांची कॉरिडोर | 514 | आंशिक रूप से पूर्ण, आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | छत्तीसगढ़, झारखंड |
| 21 | दिल्ली - अमृतसर - कटरा एक्सप्रेसवे | 680 | आंशिक रूप से पूर्ण, आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, पंजाब |
| 22 | बैंगलोर रिंग रोड | 280 | आंशिक रूप से पूर्ण, आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | कर्नाटक |
| 23 | कानपुर - लखनऊ एक्सप्रेसवे | 63 | कार्यान्वयनाधीन | उत्तर प्रदेश |
| 24 | कुरनूल - कडपा - तिरूपति (बेंगलुरु - चेन्नई) | 159 | कार्यान्वयनाधीन | आंध्र प्रदेश |
| 25 | नागपुर - विजयवाड़ा | 401 | कार्यान्वयनाधीन | तेलंगाना, आंध्र प्रदेश |
| 26 | पनियाला - बरोडामियो | 86 | कार्यान्वयनाधीन | राजस्थान |

| क्र. सं. | गलियारे का नाम | लंबाई | स्थिति | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 27 | दुर्ग रायपुर आरंग | 92 | कार्यान्वयनाधीन | छत्तीसगढ |
| 28 | बेंगलुरु - कडप्पा - विजयवाड़ा | 342 | कार्यान्वयनाधीन | आंध्र प्रदेश |
| 29 | भटिंडा - लुधियाना - रूपनगर | 229 | आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | पंजाब |
| 30 | आमस - दरभंगा | 213 | आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | बिहार |
| 31 | वाराणसी - रांची - कोलकाता | 639 | आंशिक रूप से कार्यान्वयनाधीन है और आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल |
| 32 | खड़गपुर - मोरग्राम | 235 | आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | पश्चिम बंगाल |
| 33 | साहिबगंज- अरेराज- बेतिया | 79 | आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | बिहार |
| 34 | सासाराम - आरा - पटना | 121 | आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | बिहार |
| 35 | आगरा - ग्वालियर | 88 | आवंटित किया जा चुका है, परंतु तिथि नियत नहीं हुई है। | मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश |
| | **कुल** | **10,196** | | |

<u>**अनुलग्नक-II**</u>

**"ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण" के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3258 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

राजस्थान राज्य में शुरू किए गए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे/पहुंच नियंत्रित कॉरिडोर का विवरण:

| **कॉरिडोर** | **लंबाई (किमी) (राजस्थान)** | **कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्थिति** | **जिले का नाम** |
|---|---|---|---|---|
| 8 लेन दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे | 441 | 19,420 | 394 किमी का कार्य पूरा हो चुका है और 47 किमी का निर्माण कार्य जारी है। | अलवर, भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, बुंदी, कोटा |
| 6 लेन अमृतसर-जामनगर आर्थिक कॉरिडोर | 637 | 14,900 | पूर्ण | हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर जोधपुर, बाड़मेर, जालौर |
| 4-लेन पनियाला-बरोडामियो | 86 | 4,900 | निर्माणाधीन | अलवर, कोटपुतली, बहरोड़ |
| 6-लेन आगरा-ग्वालियर | 26 | 1,300 | कार्य सौंपा गया | धौलपुर |

**अनुलग्नक-III**

**"ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण" के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3258 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण:**

| **राज्य** | **कुल लंबाई (किमी)** | **आवंटित लंबाई (किमी)** | **28 फरवरी 2026 तक निर्मित लंबाई (किमी)** |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2,525 | 1,936 | 1,486 |
| असम | 433 | 431 | 413 |
| बिहार | 1,572 | 1,159 | 765 |
| छत्तीसगढ़ | 571 | 471 | 400 |
| दिल्ली | 203 | 203 | 192 |
| गोवा | 26 | 26 | 26 |
| गुजरात | 1,577 | 1,194 | 1,055 |
| हरियाणा | 1,058 | 1,058 | 1,011 |
| हिमाचल प्रदेश | 167 | 167 | 117 |
| जम्मू और कश्मीर | 433 | 251 | 173 |
| झारखंड | 1,000 | 801 | 538 |
| कर्नाटक | 2,059 | 1,603 | 1,225 |
| केरल | 1,126 | 708 | 549 |
| मध्य प्रदेश | 3,063 | 2,017 | 1,806 |
| महाराष्ट्र | 3,029 | 2,174 | 1,987 |
| मणिपुर | 635 | 635 | 541 |
| मेघालय | 170 | 170 | 139 |
| मिजोरम | 593 | 593 | 524 |
| नागालैंड | 208 | 208 | 164 |
| ओडिशा | 1,586 | 967 | 944 |
| पंजाब | 1,764 | 1,553 | 842 |
| राजस्थान | 2,503 | 2,360 | 2,262 |
| तमिलनाडु | 2,414 | 1,476 | 1,335 |
| तेलंगाना | 1,719 | 1,026 | 941 |
| त्रिपुरा | 94 | 94 | 69 |
| उत्तर प्रदेश | 3,126 | 2,495 | 2,159 |
| उत्तराखंड | 273 | 264 | 199 |
| पश्चिम बंगाल | 874 | 385 | 360 |
| **कुल** | **34,800** | **26,425** | **22,223** |

**अनुलग्नक-IV**

**"ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण" के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3258 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

राजस्थान राज्य में भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण:

| **कॉरिडोर** | **कुल लंबाई (किमी)** | **निर्मित लंबाई (किमी)** | **जिले का नाम** |
|---|---|---|---|
| दिल्ली - वडोदरा 8 लेन कैरिजवे | 441 | 437 | अलवर, भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, बुंदी, कोटा |
| अमृतसर - जामनगर आर्थिक कॉरिडोर | 637 | 637 | हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर जोधपुर, बाड़मेर, जालौर |
| पनियाला - बरोदामेओ | 86 | - | अलवर, कोटपुतली, बहरोड़ |
| पेरिफेरल संपर्कता सड़क | 1038 | 1037 | बाड़मेर, सांचौर, जैसलमेर, बीकानेर, फलोदी, अनूपगढ़ |
| ब्यावर (बार) - जोधपुर - पोखरण | 105 | 105 | ब्यावर, जोधपुर, जैसलमेर |
| जयपुर रिंग रोड | 53 | 46 | जयपुर |
| **कुल** | **2,360** | **2,262** | |

*****